# दैनिक शाह बुलेटिन

प्रकाशन के 12 वर्ष

RNI: UPHIN/2014/56192

मेरठ, शुक्रवार 20 फ़रवरी 2026

वर्ष: 12, अंक: 191

पृष्ठ: 04 मूल्य: 01 रुपया

dainikshahbulletin@gmail.com 9997540548

कलम की ताकत...




4 'लैला मजनू' की तर्ज पर 'हीर रांझा' बनाएंगी एकता कपूर

## पुलिस पर लगा सर्राफा व्यापारी का सोना हड़पने का आरोप

### एसएसपी ऑफिस पहुंचे व्यापारियों ने लगाया आरोप पुलिस ने चोरों के साथ मिलकर हड़प लिया सोना

**मेरठ।** सर्राफा व्यापारी के यहां हुई करीब दो किलोसोना चोरी की वारदात के मामले में गुरुवार को एसएसपी ऑफिस पहुंचे व्यापारियों ने थाना टीपी नगर पुलिस के ऊपर गंभीर आरोप लगाते हुए उत्तर प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री देश को हिंदू राष्ट्र बनाने की बात करते हैं, तो पीड़ित व्यापारी अजय जैन तो हिन्दू ही हैं, प्रधानमंत्री उन्हें ही इंसाफ दिला दें। जिन्होंने आरोप लगाया है कि थाना टीपी नगर पुलिस ने चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले चोरों के साथ मिली भगत कर व्यापारी को नकली सोना बरामद करा दिया। उन्होंने इसे चोरों के द्वारा चोरी और पुलिस के द्वारा डकैती बताते हुए मामले की शिकायत कर निष्पक्ष जांच की मांग करी है। पीड़ित सर्राफा व्यापारी अजय जैन व अन्य





व्यापारियों के साथ एसएसपी ऑफिस पहुंचे सपा प्रवक्ता सन्नी गुप्ता ने बताया कि एशिया की सबसे बड़ी मंडी कहे जाने वाली सराफा मार्केट के व्यापारी अजय जैन के यहां से दो साल पहले करीब दो किलो सोना चोरी हुआ था। जिसके जीएसटी बिल पीड़ित व्यापारी के पास मौजूद हैं, उन्होंने कहा कि इस मामले को दो साल हो गए इस दौरान अजय जैन ने कई बार थाना पुलिस के अलावा एसएसपी ऑफिस पर भी शिकायत की है, लेकिन वह आज तक इंसाफ के लिए दर दर भटकने पर मजबूर हैं, जिनकी आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर सोना बरामद किया था। लेकिन पुलिस ने आरोपियों के साथ मिलकर असली सोना हड़प लिया और नकली सोना बरामद दिखा दिया। जिसके सारे सबूत मौजूद हैं, उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस के द्वारा बरामद किया गया जो सोना अदालत में जमा है, वह नकली सोना है।सन्नी गुप्ता ने कहा कि सर्राफा व्यापारी जोकि उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि देश की रीड कहलाता है, जब उन्हें इंसाफ नहीं मिल रहा तो आम आदमी का क्या होगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ज़ीरो टॉलरेंस नीति की बात करते हैं, उन्हीं की सरकार में मुकदमा दर्ज होने के बावजूद पुलिस के द्वारा यह सब कुछ किया गया फिर भी पीड़ित व्यापारी को इंसाफ नहीं मिला। बल्कि वह दो साल से अपना सोना पाने के लिए चक्कर काट रहा है, और उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई है।

## ट्रक-कार में साइड लगी, दर्जनों लोगों ने कार सवारों पर किया हमला

### घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर हुई जमकर वायरल

शाह बुलेटिन ब्यूरो

**मवाना इसरार अंसारी।** नगर मवाना क्षेत्र में गुरुवार देर शाम शादी समारोह से लौट रहे कार सवार युवकों पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। मामूली साइड लगने को लेकर शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, किठौर थाना क्षेत्र के ग्राम लोधीपुर में अपने मामा के लड़के की शादी में शामिल होकर लौट रहे कपिल व हरेंद्र पुत्रगण सीताराम निवासी चांदसमद थाना खतौली जनपद मुजफ्फरनगर, अपने मित्र शोभित पुत्र महाराज सिंह निवासी





दनकौर जनपद गौतमबुद्ध नगर तथा मनोज कुमार पुत्र इलम सिंह निवासी सकोती थाना फलावदा के साथ स्विफ्ट कार से वापस आ रहे थे। ताया गया कि जैसे ही उनकी कार मवाना थाना क्षेत्र के ग्राम सठला स्थित बिजलीघर के पास पहुंची, उसी दौरान कोयला लदे ट्रक से साइड को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि कहासुनी के बाद ट्रक चालक ने अपने एक दर्जन से अधिक साथियों को मौके पर बुला लिया। इसके बाद कार सवार युवकों को सड़क पर गिराकर लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से मारपीट की गई।

हमले में शोभित के सिर में गंभीर चोट आई, जबकि अन्य तीनों युवक भी घायल हो गए। किसी तरह मौके से जान बचाकर युवकों ने अपने परिचितों एवं मवाना थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हमलावरों को खदेड़ते हुए घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार किया गया।

समाचार लिखे जाने तक घटना के संबंध में कोई तहरीर नहीं दी गई थी। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी तथा वायरल वीडियो की भी जांच की जा रही है।

## बाल भारती पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने गोदान फिल्म देखकर ली गौ-संरक्षण की प्रेरणा

**शाह बुलेटिन ब्यूरो, मवाना इसरार अंसारी।** गुरुवार को बाल भारती पब्लिक स्कूल के कक्षा 3 से 8 तक के विद्यार्थियों ने कपिल थिएटर में जाकर प्रेरणादायक चलचित्र 'गोदान' फिल्म का अवलोकन किया। यह आयोजन विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और गौ-संरक्षण के महत्व से अवगत कराने के उद्देश्य से किया गया। इस चलचित्र में गाय के आध्यात्मिक, सामाजिक तथा वैज्ञानिक महत्व को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। फिल्म के माध्यम से सनातन परंपराओं में गौ-सेवा का स्थान, गो-संरक्षण की आवश्यकता तथा पंचगव्य ( गाय से प्राप्त उत्पादों ) के स्वास्थ्यवर्धक गुणों पर



प्रकाश डाला गया। साथ ही मनुष्य और गाय के बीच निस्वार्थ प्रेम, संवेदनशीलता और सहअस्तित्व के भाव को भी सजीव रूप में दर्शाया गया।विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ फिल्म का आनंद लिया तथा इसके संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया। विद्यालय प्रशासन का मानना है कि इस प्रकार के शैक्षिक एवं सांस्कृतिक आयोजन बच्चों में नैतिक मूल्यों, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को सुदृढ़ करते हैं।इस अवसर पर शिक्षकों ने विद्यार्थियों को गौ-संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और भारतीय संस्कृति के संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। यह शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक और स्मरणीय अनुभव सिद्ध हुआ।

## डॉक्टर गौतम कुमार विश्वास को मिला अवार्ड

### ए टू जेड फार्मास्यूटिकल्स एंड लैबोरेटरी कंपनी को मिला सम्मान

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के प्रतिष्ठित इंडिया वॉयस कॉनक्लेव में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम UP के बजट को लेकर हुआ।इस दौरान ए टू जेड फार्मास्यूटिकल्स एंड लैबोरेटरी कंपनी के डायरेक्टर डॉ. गौतम कुमार विश्वास को उनके उत्कृष्ट योगदान, आयुर्वेदिक औषधि निर्माण एवं स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में निरंतर समर्पण के लिए सम्मानित किया। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, दयाशंकर सिंह राज्य मंत्री, परिवहन, दानिश आज़ाद अंसारी राज्य मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण, वक्फ व हज,आशीष पटेल कैबिनेट मंत्री, तकनीकी शिक्षा एवं उपभोक्ता ,दयाशंकर मिश्रा कैबिनेट मंत्री, AYUSH, खाद्य





सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने डॉक्टर गौतम कुमार विश्वास को मूवंटो देकर सम्मानित किया। डॉ गौतम कुमार विश्वास ने बताया लखनऊ में यह कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम में प्रदेश भर से चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कर्ष कार्य करने वाले डॉक्टर को सम्मानित किया गया।

### विशाल जिला उपाध्यक्ष व विनीत जिला सचिव मनोनीत



मेरठ, शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे जिला प्रमुख संदीप गर्ग ने भारतीय किसान सेना जिलाध्यक्ष अमित चौहान की संस्तुति पर दौराला निवासी विशाल कुमार को भारतीय किसान सेना का जिला उपाध्यक्ष व विनीत को जिला सचिव मनोनीत किया।इस अवसर पर छीपी टैंक स्थित शिवसेना कार्यालय में प्रदेश महासचिव धर्मेन्द्र तोमर ने भारतीय किसान सेना के दोनों पदाधिकारियों को शिवसेना पहचान पत्र सौंपकर शुभकामनाएं दी।

## जसाला पेट्रोल पंप के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, एक युवक घायल दूसरा फरार

**सादिक सिद्दीक़ी शाह बुलेटिन, कांधला।** क्षेत्र के गांव जसाला स्थित पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार को दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में एक युवक घायल हो गया, जबकि दूसरा बाइक सवार मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया।जानकारी के अनुसार, सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव कुड़ाना निवासी नदीम उर्फ नाज़िम पुत्र रहीशु मंगलवार को किसी कार्य से कस्बे में आया था। कार्य समाप्त करने के बाद वह अपनी बाइक से वापस गांव लौट रहा था। जैसे ही वह जसाला स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचा, सामने से तेज रफ्तार में आ रही पल्सर बाइक से उसकी आमने-सामने की भिड़ंत हो गई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर जा गिरे। हादसे में नदीम गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दूसरा बाइक सवार दुर्घटना के तुरंत बाद मौके से फरार हो गया।घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए 108 एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को राजकीय अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है।पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में थाने पर कोई तहरीर नहीं दी गई थी।पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## हक से नतीजों तक: MGNREGA को VBGRAM-G से बदलने का मामला

पब्लिक पॉलिसी को नतीजों से आंका जाना चाहिए, न कि भावना, पुरानी यादों या राजनीतिक निशानियों से। MGNREGA को रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण एक्ट, 2025 के लिए विकसित भारत गारंटी से बदलने पर उम्मीद के मुताबिक विरोध शुरू हो गया है। आलोचकों का कहना है कि नया कानून अधिकारों को कमजोर करता है, राज्यों पर बोझ डालता है, ताकत को सेंट्रलाइज़ करता है और महात्मा गांधी की विरासत को मिटा देता है। हालांकि, ये आपत्तियां असल पॉलिसी डिज़ाइन के बजाय राजनीतिक सोच के बारे में ज़्यादा बताती हैं।यह मुख्य दावा कि VB GRAM G अधिकारों पर आधारित फ्रेमवर्क को खत्म करता है, इस गलत सोच पर आधारित है कि कानूनी हक अपने आप ताकत में बदल जाता है। MGNREGA के साथ दो दशकों का अनुभव इस सोच की सीमाएं दिखाता है। लगातार वेतन में देरी, मांग पूरी न होना, खराब क्वालिटी की संपत्ति बनाना और असमान तरीके से लागू करना, उस अधिकार को लगातार खोखला कर रहा है जिसे न्यायसंगत माना जाना चाहिए था। एक अधिकार जो समय पर, बड़े पैमाने पर और लगातार नहीं दिया जा सकता, वह असल में अधिकार के तौर पर काम करना बंद कर देता है। VB GRAM G रोज़गार में मदद देने की राज्य की ज़िम्मेदारी को वापस नहीं लेता है। यह टाइमलाइन लागू करके, फंडिंग को नतीजों से जोड़कर और जवाबदेही को इंस्टीट्यूशनल बनाकर उस ज़िम्मेदारी को फिर से बनाता है। यह कमज़ोरी नहीं है। यह सुधार है।असल में, नया एक्ट भारत की विकास की सोच में एक ज़रूरी बदलाव को दिखाता है। MGNREGA को बहुत ज़्यादा ग्रामीण संकट के समय में राहत देने के तरीके के तौर पर डिज़ाइन किया गया था। संकट में रोज़गार को ग्रामीण अर्थव्यवस्था का एक स्थायी हिस्सा मानने से ठहराव के सामान्य होने का खतरा है। VB GRAM G साफ़ तौर पर शॉर्ट टर्म रोज़गार को रोज़ी-रोटी बनाने, स्किलिंग और प्रोडक्टिव एसेट बनाने से जोड़ता है। काम के दिनों की गिनती से लेकर सस्टेनेबल आजीविका बनाने तक का बदलाव एक बुनियादी सच्चाई को पहचानता है। इज़्ज़त सिर्फ़ से नहीं मिलती रोज़गार से नहीं, बल्कि इनकम में स्थिरता, प्रोडक्टिविटी और ऊपर की ओर बढ़ने की संभावना से आती है। एक वेलफेयर सिस्टम जो समय के साथ नहीं बदलता, वह गरीबी खत्म करने के बजाय निर्भरता को और मज़बूत करता है।राज्यों पर बढ़ते वित्तीय बोझ की चिंताएं भी जांच करने पर खत्म हो जाती हैं।पहले के फ्रेमवर्क के तहत, राज्यों को केंद्रीय फंड मिलने में देरी, बिना प्लान वाली देनदारियों और पिछली लागत शेयरिंग विवादों के कारण अक्सर अनिश्चितता का सामना करना पड़ता था।VB GRAM G स्पष्ट वित्तीय भूमिकाएं, मध्यम अवधि की प्लानिंग और नतीजों से जुड़ी फंडिंग लाता है। अनुमान लगाना ही असली वित्तीय संघवाद की नींव है। राज्यों को आग बुझाने के बजाय प्लान बनाने की क्षमता मिलती है। इससे प्रशासनिक स्वायत्तता कमज़ोर होने के बजाय मज़बूत होती है।इसी तरह, अत्यधिक केंद्रीकरण के आरोप राष्ट्रीय मानक तय करने को माइक्रोमैनेजमेंट के साथ मिला देते हैं। इतने बड़े कार्यक्रम में, पारदर्शिता, पात्रता और निगरानी के लिए एक जैसे बेंचमार्क ज़रूरी हैं। स्थानीय संस्थाएं काम की पहचान करना, प्रोजेक्ट को लागू करना और डिलीवरी की निगरानी करना जारी रखती हैं। जो बदला है, वह है परफॉर्मेंस और जवाबदेही पर ज़ोर। बिना निगरानी के विकेंद्रीकरण से ऐतिहासिक रूप से मज़दूरों से ज़्यादा बिचौलियों को फायदा हुआ है। VB GRAM G उस संरचनात्मक कमी को ठीक करने की कोशिश करता है।सबसे भावनात्मक आलोचना कानून से महात्मा गांधी का नाम हटाने से जुड़ी है। यह तर्क असलियत की जगह प्रतीकों को रखता है। गांधी के आर्थिक दर्शन ने उत्पादक श्रम, आत्मनिर्भरता, विकेंद्रीकृत विकास और नैतिक ज़िम्मेदारी पर ज़ोर दिया। सिस्टम की अक्षमता को बर्दाश्त करते हुए उनका नाम बनाए रखना उस विरासत का सम्मान नहीं है। एक कार्यक्रम जो टिकाऊ सामुदायिक संपत्तियों, स्थानीय उद्यम और आजीविका की स्थिरता पर केंद्रित है, वह गांधीवादी सिद्धांतों के कहीं ज़्यादा करीब है, बजाय इसके कि जो जीवनयापन के काम को अपने आप में एक लक्ष्य मानता है।सुधार से स्वाभाविक रूप से विरोध होता है, खासकर जब यह पुरानी राजनीतिक कहानियों को बाधित करता है। लेकिन सामाजिक नीति समय के साथ स्थिर नहीं रह सकती। भारत की जनसंख्या का दबाव, वित्तीय मजबूरियां और विकास की महत्वाकांक्षाएं इसकी मांग करती हैं। ऐसे साधन जो मापने योग्य नतीजे देते हैं। VB GRAM G ग्रामीण रोज़गार नीति को इनपुट-आधारित अधिकार से आउटकम-आधारित गारंटी की ओर ले जाने का एक जानबूझकर किया गया प्रयास है। इस बदलाव के लिए सतर्कता, सुधार और अनुशासित कार्यान्वयन की ज़रूरत होगी। लेकिन सुधार का पूरी तरह से विरोध करना ज़्यादा बड़ी विफलता होगी।नीति निर्माताओं के सामने असली विकल्प करुणा और दक्षता, या अधिकारों और सुधार के बीच नहीं है। यह एक ऐसी कल्याणकारी व्यवस्था के बीच है जो बदलती वास्तविकताओं के अनुकूल हो और दूसरी जो अपनी सीमाओं के सामने आने के बहुत बाद भी पुरानी व्यवस्थाओं से चिपकी रहे। VB GRAM G सोच में एक विकास का संकेत देता है। यह सार्वजनिक खर्च को स्थायी ग्रामीण समृद्धि में बदलना चाहता है। यही महत्वाकांक्षा, न कि राजनीतिक पुरानी यादें, राष्ट्रीय बहस को परिभाषित करनी चाहिए।लेखक के बारे में: निर्वा मेहता एक राजनीतिक विश्लेषक और स्तंभकार हैं जो सार्वजनिक नीति, शासन और राष्ट्रीय सुरक्षा पर लिखती हैं। उनका काम भारत और उससे बाहर सत्ता संरचनाओं, राज्य के व्यवहार और नीतिगत विकल्पों के दीर्घकालिक परिणामों पर केंद्रित है।

शाह बुलेटिन
मेरठ से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र



# स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने कठिन मेहनत कर जेईई मेन में फिर लहराया परचम










**शाह बुलेटिन ब्यूरो, मवाना इसरार अंसारी**। नगर के मेरठ रोड स्थित स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल के लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि विद्यालय के तीन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों पुरु चौहान, देवांश धामा एवं देव राणा ने जेईई मेन परीक्षा में 90 परसंटाइल से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र के साथ साथ अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। इसमें पुरु चौहान 94.6 परसंटाइल, देवांश धामा 91.5 परसंटाइल एवं देव राणा ने 90.6 परसंटाइल अंकों से जेईई मेन परीक्षा उत्तीर्ण की। विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में हर्ष का वातावरण है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक मनोज कुमार रस्तोगी व प्रबंधिका मीनू रस्तोगी ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। प्रधानाचार्य कमल कुमार दीवान ने बच्चों को शुभ कामनाएँ देते हुए कहा कि ये विद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग की भी सराहना की।

# मूर्तियां बाहर रखने पर विवाद, विरोध करने पर जान से मारने की धमकी पुजारी सहित तीन पर मुकदमा दर्ज

**सादिक सिद्दीक़ी शाह बुलेटिन**

कांधला।थाना क्षेत्र के गांव भभीसा में मंदिर से देवताओं की मूर्तियां बाहर रखने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मंदिर के पुजारी सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव भभीसा निवासी रविंद्र कुमार पुत्र रमेश चंद्र ने थाने में दी तहरीर में बताया कि गांव में करीब 30 वर्ष पुराना एक मंदिर स्थित है, जिसमें उनके देवता स्थापित थे और वह नियमित रूप से पूजा-अर्चना करते आ रहे थे।

आरोप है कि गांव के ही संदीप उर्फ गुड्डू, ओमवीर तथा मंदिर के पुजारी भूषण ने मिलकर उनकी मूर्तियों को मंदिर से बाहर रख दिया। जब पीड़ित ने इस कृत्य का विरोध किया तो तीनों आरोपियों ने उसके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए दोबारा मूर्तियां मंदिर में रखने पर जान से मारने की धमकी दी।

इस घटना से पीड़ित परिवार में भय का माहौल बना हुआ है। रविंद्र कुमार ने थाने में लिखित तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की।

थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है, और जांच के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# ए एस इंटर कॉलेज में दूसरे दिन भी शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा में सम्मिलित हुए छात्र-छात्राएं



शाह बुलेटिन ब्यूरो, मवाना इसरार अंसारी। नगर के मेरठ रोड स्थित ए एस इंटर कालेज मवाना मेरठ में प्रथम पाली में हाई स्कूल में कंप्यूटर की तीन बालिकाओं तथा इंटरमीडिएट रंगीन फोटो ग्राफी की 12 छात्राओं ने परीक्षा दी जिसमें समस्त छात्राएं उपस्थित रही तथा द्वितीय पाली में नागरिक शास्त्र में कुल 364 छात्र-छात्राओं में से जिसमें 255 बालक एवं 109 बालिकाएं पंजीकृत थी जिसमें 43 बालक एवं आठ बालिकाओं ने परीक्षा छोड़ दी अर्थात 51 छात्राएं अनुपस्थित है परीक्षा शांतिपूर्ण सीसीटीवी कैमरो की निगरानी में संचालित हुई।

# परीक्षा देकर घर लौट रहे छात्रों पर बाइक सवार लोगों ने किया धारदार हथियारों से हमला, तमंचे से फायर झोंका





**शाह बुलेटिन ब्यूरो, मवाना इसरार अंसारी**। मेरठ रोड स्थित परीक्षा केंद्र से बाइक से वापस हस्तिनापुर लौट रहे दो छात्रों को आधा दर्जन बाइक सवारों ने रोक लिया। बाइक सवारों ने दोनों पर लाठी, डंडों व धारधार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से फायर भी किए। दोनों छात्रों को मेरठ रेफर कर दिया। 10-12 के खिलाफ तहरीर दी है। हस्तिनापुर की गुरु तेग बहादुर निवासी मुकेश सिंह ने थाने में दी तहरीर में बताया है कि उनका भतीजा हर्ष ठाकुर उर्फ गोलू अपने दोस्त आदेश शर्मा निवासी अनाज मंडी हस्तिनापुर के साथ कक्षा 12 की परीक्षा ए एस इंटर कालेज से देकर शाम के समय वापस बाइक से हस्तिनापुर लौट रहा था। जैसे ही ये हस्तिनापुर रोड पर नवीन आडत मंडी के सामने पहुंचे तो इनको 5-6 बाइकों पर सवार 10-12 लोग अज्ञात लोगों ने तमंचा दिखाते हुए गोली मारने की धमकी देते हुए रोक लिया। आरोपियों ने दोनों को जान से मारने की नीयत से तमंचे और धारधार हथियारों से हमला कर दिया। आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से गोली भी चलाई जिसमें दोनों बाल बाल बचे। धारधार हथियारों के हमले में हर्ष ठाकुर व आदेश शर्मा दोनों बेहोश हो गए। हमलावर दोनों को मरा समझकर छोडकर फरार हो गए। दोनों घायलों को पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से मेरठ रेफर कर दिया। प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। सीओ पंकज लवानिया ने बताया कि पुलिस सीसीटीवी खंगाल रही है, ताकि हमलावरों का सुराग लग सके। तहरीर मिल गई है, प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।

# पालिका अध्यक्ष ने माहे रमजान के मद्देनजर जलापूर्ति साफ सफाई पथ प्रकाश की सुचारु व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश



**शाह बुलेटिन ब्यूरो, मवाना इसरार अंसारी**। नगर पालिका परिषद् मवाना के अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक व अधिशासी अधिकारी पूजा सिंह द्वारा नगर में माहे रमजान को दृष्टिगत रखते हुये पालिका के समस्त विभागों के कर्मचारियों के साथ विभागीय बैठक आयोजित की गयी। जिसमें सर्वप्रथम सफाई विभाग के कर्मचारियों/सफाई नायकों कों रमजान पर्व के अवसर पर नगर की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने व नगर की प्रत्येक मस्जिद के पास सफाई कराकर कली चूना आदि लगवाए जाने व प्रत्येक जुमे को विशेष सफाई कराने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही नगर के इमामबाडे के पास सफाई कराकर चूना लगवाये जाने के आदेश भी दिये गये। इस दौरान पालिका अध्यक्ष ने जलकल विभाग के अवर अभियन्ता अमित कुमार श्रीवास्तव को रमजान माह में पेयजलापूर्ति की सुचारू व्यवस्था बनाये रखने एवं नगर में पेयजलापूर्ति प्रतिदिन प्रातः 03 बजे से प्रातः 10 बजे तक दोपहर 12 बजे से अपराहंन 2 बजे तक व सांय 4.30 बजे से रात्रि 09 बजे तक करने के लिए आदेशित किया गया।इसके अलावा पालिका अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक ने पथ प्रकाश विभाग की टीम को नगर की सभी मस्जिदों की लाईटे चैक करने व जहॉ की लाईट नही जल रही है उनको तत्काल ठीक कराने के आदेश दिये गये। इस दौरान बैठक में अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक के साथ अधिशासी अधिकारी पूजा सिंह सभासद पति मनीष यादव, पालिका के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राकेश कुमार, अवर अभियन्ता (जल) अमित कुमार श्रीवास्तव, सफाई लिपिक लाखन सिंह, सफाई नायक राकेश कुमार, विकास कुमार, मजहर अब्बास, सुजीत कुमार व सहायक लिपिक नन्दकिशोर आदि उपस्थित रहें।

# मेरठ में अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट का आगाज 20 फरवरी से




**मेरठ**। उत्तर प्रदेश में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय सौनियर टेनिस टूर्नामेंट में मेरठ नंबर एक स्थान पर है। मेरठ में पिछले साल भी एक 700 पॉइंट का सफल अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट आयोजित किया गया था जिसको बेस्ट टूर्नामेंट 2025 का अवार्ड अतरराष्ट्रीय टेनिस फेडरेशन इंग्लैंड ने दिया था उसी की तर्ज पर अतरसाष्ट्रीय टेनिस फेडरेशन व ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन ने एक और टूर्नामेंट का आयोजन करने के लिए मेरत को बयनित किया इस बार भी मेरठ में 700 पॉइट पुरुषों व महिलाओं का टूर्नामेंट 30-80 आयुवर्ग के लिए 20 फरवरी से 26 फरवरी तक अलेक्जेंडर क्लब व मेरठ कॉलेज में आयोजित किया जाएगा यह पूरा टूनोमेंट आलेक्जेंडर क्लब दवारा आयोजित किया जाता है जिसमें लगभग 275 खिलाड़ी अमेरिका, इंग्लैंड, जर्मनी, रूस, चिली, क्लेडा दिल्ली हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु, केरला, मणिपुर, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान से इस दुर्नामेंट में भाग लेंगे इस टूर्नामेंट का मुख्य आकर्षण यह है कि यहां पर सभी खिलाड़ियों को ब्रेकफास्ट, लच, शाम की चाय, बाल पिकर, चेचर एम्पायर व एक बहुत ही सुदर सी वेलकम किट दी जाती है और मेहमाननवाजी के नाम पर तो मेरठ हमेशा ही नंबर वन पर रहा है इन सब को देखते हुए देश और विदेश से खिलाड़ी पूरे साल इस टूर्नामेंट का इतजार करते हैं। इस टूर्नामेंट के डायरेक्टर अमित संगल जी और टूनांगेट कमेटी से राकेश कोहली जी. पीयूष दुबलिश जी, विजय वर्मा जी, अविनाश रस्तोगी जी, पुनील गुप्ता जीव खासकर क्लब के उपाध्यक्ष ने पी अग्रवाल जी सचिव संजय कुमार जी व कोषाध्यक्ष राहुल दास जी व मेरठ कॉलेज के सचिव विदेक गर्ग जी ने भी पूरी जान लगाकर इस टूर्नामेंट को सफल बनाने का संकल्प लिया और आईटीएफएआईटीए को आश्वासन दिया की इस साल का टूर्नामेंट पहले से भी कई गुना अधिक सफल होगा। इस टूर्नामेंट में एक विशेष बात यह भी है कि सभी विदेश से आने वाले खिलाडियों व महिला खिलाडियों को होटल में निशुल्क रहने की सुविधा दी गई है जो कि पूरे भारतवर्ष में कही नहीं दी जाती।

## पुलिस ड्यूटी के कुछ कदमों की दूरी पर फुटपाथ की दुकान से चोरी

सादिक सिद्दीक़ी शाह बुलेटिन, कांधला कस्बे में चोरी की एक अजीबोगरीब घटना सामने आई है। दिल्ली बस अड्डे के पास फुटपाथ पर लगी दुकान में चोरों ने हाथ साफ कर दिया, जबकि वहीं से कुछ ही कदमों की दूरी पर पुलिस की ड्यूटी रहती है। इस घटना ने स्थानीय लोगों और व्यापारियों को हैरान कर दिया है। जानकारी के अनुसार, चोरों ने दुकान से मूंगफली का एक कट्टा और पेटे की मिठाई की पांच थालियां चोरी कर लीं। सुबह जब दुकानदार बंटी ने दुकान खोली, तो ताले टूटे मिले और सारा सामान गायब था।बंटी के मुताबिक, चोरी में लगभग 25 से 30 हज़ार रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी और तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, और जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

# रमजान के महीने में सभासद मोहम्मद शहजाद ने एक बार फिर अपनी जनसेवा की मिसाल पेश की

**साकिब खान,मुजफ्फरनगर**





नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 54 में रहने वाले हजारों नागरिकों के लिए रमजान मुबारक का मतलब सिर्फ रोजे और इबादत नहीं, बल्कि बेहतर सुविधाएं भी हैं। सभासद मोहम्मद शहजाद ने रमजान की शुरुआत होते ही पूरे वार्ड को अलर्ट मोड पर ला दिया। उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप से व्यक्तिगत मुलाकात की और वार्ड की प्रमुख समस्याओं – खासकर खराब स्ट्रीट लाइट्स – को मजबूती से उठाया। रमजान में रात के वक्त तरावीह, सहरी-इफ्तार और नमाज के लिए आने-जाने वाले लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, सभासद शहजाद ने हर गली-मोहल्ले में खराब पड़ी स्ट्रीट लाइट्स को बदलवाने का अभियान तेज कर दिया है। उनकी इस त्वरित कार्रवाई से इलाका अब अंधेरे से मुक्त हो रहा है और वार्डवासियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं झेलनी पड़ रही। नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने सभासद की बातों को गंभीरता से सुना और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया, जिससे यह काम और तेजी से आगे बढ़ सका। यह सिर्फ लाइट्स बदलने की बात नहीं, बल्कि त्योहार के दौरान भी जनता की छोटी-छोटी जरूरतों पर नजर रखने की संवेदनशीलता है। सभासद शहजाद की यह कार्यशैली – जमीनी स्तर पर सक्रिय रहना, समस्याओं को तुरंत उठाना और समाधान तक पहुंचाना – वार्ड 54 के लोगों का दिल जीत चुकी है। हाल के महीनों में सड़क निर्माण, पानी की समस्या समाधान जैसी कई उपलब्धियां उनके नाम से जुड़ी हैं, और अब रमजान में रोशनी का यह अभियान उनकी लोकप्रियता में चार चांद लगा रहा है। सभासद मोहम्मद शहजाद को सलाम! ऐसे जिम्मेदार और मेहनती जनप्रतिनिधि ही समाज में सकारात्मक बदलाव लाते हैं। उन्होंने कहा कि वार्डवासियों और पूरे मुजफ्फरनगर को पवित्र रमजान मुबारक! अल्लाह आपकी इबादतें कबूल फरमाए और वार्ड में हमेशा रोशनी व खुशहाली बनी रहे।

# शोभित विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया एआई इंपैक्ट सबमिट 2026 का शैक्षणिक भ्रमण




**मेरठ**। शोभित विश्विद्यालय के स्कूल ऑफ कम्प्यूटेशनल साइंसेज़ एंड इंजीनियरिंग के बी.टेक, बीसीए, एमसीए एवं एम.टेक के विद्यार्थियों ने प्रतिष्ठित एआई इंपैक्ट सबमिट 2026 में सक्रिय एवं प्रभावशाली सहभागिता की। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर का समिट भारत मंडपम में आयोजित हुआ, जहाँ देश-विदेश के अग्रणी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विशेषज्ञ, उद्योग प्रतिनिधि, शोधकर्ता एवं नवप्रवर्तक एकत्रित हुए। समिट में विद्यार्थियों ने मशीन लर्निंग, नैचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग, रोबोटिक्स, डेटा साइंस तथा विभिन्न उद्योगों को परिवर्तित कर रही एआई आधारित नवीन तकनीकों पर आयोजित तकनीकी सत्रों, पैनल चर्चाओं एवं लाइव डेमो में भाग लिया। इस दौरान उन्हें स्वास्थ्य, शिक्षा, साइबर सुरक्षा, वित्त एवं स्मार्ट गवर्नेंस जैसे क्षेत्रों में एआई के व्यावहारिक अनुप्रयोगों की विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई। विद्यार्थियों को उद्योग विशेषज्ञों से प्रत्यक्ष संवाद का अवसर भी मिला, जिससे उन्हें वर्तमान औद्योगिक आवश्यकताओं, कौशल विकास की दिशा तथा एआई एवं संबंधित क्षेत्रों में भविष्य की करियर संभावनाओं की गहन समझ प्राप्त हुई। विद्यालय के कुलपति, प्रतिकुलपति एवं डीन एकेडमिक्स ने विद्यार्थियों को उभरती तकनीकों से जुड़े राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया। स्कूल ऑफ कम्प्यूटेशनल साइंसेज़ एंड इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ. संदीप कुमार ने कहा कि एआई इंपैक्ट सबमिट 2026 में हमारे विद्यार्थियों की सहभागिता विश्वविद्यालय की उद्योगोन्मुख शिक्षा नीति का सशक्त उदाहरण है। आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वैश्विक परिवर्तन का आधार बन चुका है। हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित न रखकर उन्हें व्यावहारिक अनुभव, शोध उन्मुख दृष्टिकोण एवं नवाचार की दिशा में अग्रसर करना है। ऐसे मंच विद्यार्थियों में तकनीकी नेतृत्व क्षमता एवं उद्यमिता के गुण विकसित करते हैं। इस शैक्षणिक भ्रमण का नेतृत्व विजय माहेश्वरी एवं हिमानी चौधरी ने किया, जबकि प्रखंड बी.टेक सीएसई तृतीय वर्ष के विद्यार्थि ने समन्वय एवं छात्र प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# युवक को घर से बुलाकर धारदार हथियार से किया हमला तीन नामजद सहित एक अज्ञात पर मुकदमा दर्ज



**सादिक सिद्दीक़ी शाह बुलेटिन, कांधला**।थाना क्षेत्र के गांव लोहरीपुर में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक युवक को घर से बुलाकर उस पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन नामजद और एक अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।गांव लोहरीपुर निवासी मनीष पुत्र पाले राम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 10 फरवरी को गांव मतनावली निवासी गौरव व शिवम पुत्रगण रमेश तथा मनीष पुत्र अमरपाल अपने एक अज्ञात साथी के साथ उसके घर पहुंचे। आरोप है कि उन्होंने मनीष को बाहर बुलाया और बाहर आते ही उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी।विरोध करने पर आरोपियों ने धारदार हथियार से सिर पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मारपीट के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।पीड़ित का कहना है कि वह इलाज करा रहा था, और हालत में सुधार होने पर बुधवार को थाने पहुंचकर लिखित तहरीर दी।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर अभियोग दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है, और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

शाह बुलेटिन
मेरठ से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र
शुक्रवार 20 फरवरी 2026


# आर्मी मेडिकल कॉलेज द्वारा आयोजित ''ऑल इण्डिया स्पोर्टस एवं कल्चर फैस्टिवल ''ओरा-2026'' में विम्स का जलवा

आर्मी मेडिकल कॉलेज द्वारा आयोजित ''ऑल इण्डिया स्पोर्टस एवं कल्चर फैस्टिवल ''ओरा-2026'' में विम्स का जलवा

**मेरठ।** वैंकटेश्वरा समूह के लिए आज का दिन बेहद खास रहा है। वैंकटेश्वरा समूह के वैंकटेश्वरा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईंसेस (विम्स) के एम.बी.बी.एस. के छात्र-छात्राओ ने आर्मी कॉलेज ऑफ मेडिकल साईंसेस दिल्ली कैन्ट द्वारा आयोजित ''ऑल इण्डिया कल्चर एवं स्पोटर्स फैस्टिवल ''ओरा-2026'' में देश के अस्सी से अधिक सरकारी एवं निजी मेडिकल कॉलेजो के साथ हुई कड़ी प्रतिस्पर्धा में दो दर्जन से अधिक मेडल एवं सर्टीफिकेट जीतकर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। चारदिवसीय इस ''कल्चरल फैस्टिवल'' में जीतकर आये खिलाड़ियों को शुभकामनाऐं देते हुए संस्थपक अध्यक्ष श्री सुधीर गिरि ने कहा कि वैंकटेश्वरा के छात्र-छात्राऐं स्वास्थय एवं शानदार चिकित्सीय सेवाओ में सफलता के नित नये आयाम स्थापित कर रहे है। आज शानदार स्वास्थ्य सेवाओं एवं चिकित्सा शिक्षा में ऊँचे मापदण्ड स्थापित करने पर वैंकटेश्वरा देश के छात्र-छात्राओं की पहली पसंद बना




हुआ है।आर्मी मेडिकल कॉलेज नयी दिल्ली द्वारा आयोजित इस ''ऑल इण्डिया कल्चरल एवं स्पोटर्स फैस्टीवल ओरा-2026 के बारे में विस्तार से बताते हुए संस्थापक अध्यक्ष श्री सुधीर गिरि के प्रतिनिधि एवं विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने बताया कि इस चारदिवसीय फेस्टिवल में एकल नृत्य में अनुजा प्रथम, अनिकेत पन्त द्वितीय, युगल नृत्य में अनुजा एवं अनिकेत प्रथम, शिव तांडव में विम्स टीम प्रथम, एकल पाश्चात्य गायन में नियति तोमर प्रथम, हिन्दी रचनात्मक लेखन में अनिकेत पंत द्वितीय, पेन्टिंग में श्रेयास वानखेड़े द्वितीय एवं फुटबॉल में विम्स टीम उपविजेता रही, इसके साथ ही नुक्कड़ नाटक में विम्स प्रथम, फेशन शो में विम्स प्रथम एवं बॉलीवाल में भी विम्स टीम ने देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विम्स के छात्र-छात्राओ के शानदार प्रदर्शन पर उन्हें डीन डॉ. संजीव एच भट्ट, एम.एस. डॉ. सुरेश जी मेहता, प्रभारी कुलपति युवराज सिंह, निदेशक अजय श्रीवास्तव, डॉ0 सुप्रीति भटनागर, डॉ0 पारस जमवाल, डॉ0 बी0एस0 त्यागी, डॉ0 नेहा चैधरी, डॉ0 सत्यम मैयानी, कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डे, मेरठ परिसर से डॉ. पंकज चैधरी एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

# भनेड़ा के पास भयानक टक्कर, पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल

**सादिक सिद्दीक़ी शाह बुलेटिन.**

**कांधला/मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर के तितावी थाना क्षेत्र से एक दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सामने आई है। गमी में शामिल होने जा रहे पिता-पुत्र की बाइक और ट्रैक्टर की आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, तितावी थाना क्षेत्र के गांव खेड़ी दुधाधारी निवासी रहीशु पुत्र हब्बीब



अपने पुत्र इमरान के साथ बाइक पर सवार होकर जनपद बागपत के गांव रमाला में गमी में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही वह भनेड़ा के पास पहुंचे, सामने से आ रहे ट्रैक्टर से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी।

घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सरकारी अस्पताल भिजवाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी।

थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि अभी तक किसी पक्ष की ओर से थाने पर तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# रघुनंदन ज्वेलर्स के मालिक के ऊपर एक करोड़ रुपए की ठगी का आरोप लगा

**मेरठ।** थाना सदर बाजार क्षेत्र में आबूलेन इलाके की अबू प्लाजा में स्थित रघुनंदन ज्वेलर्स के मालिक के ऊपर एक करोड़ रुपए की ठगी करने का आरोप लगा है। यह आरोप भगवान बुक डिपो के मालिक प्रवीण शर्मा ने रघुनंदन ज्वेलर्स के मालिक तमंवय अग्रवाल के ऊपर लगाते हुए उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की बात कही है। दरअसल मामला बुधवार का है, जब प्रवीण ने एक करोड़ रुपए लेने के बाद आभूषण दिल्ली करोल बाग इलाके के कृष्णा ज्वेलर्स को देने का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया था। जिसकी सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस में मामले को शांत करा कर गुरुवार तक का समय दिया था। लेकिन मामला ना सुलझने पर प्रवीण शर्मा ने सीओ केंट से मुलाकात कर मुकदमा दर्ज करने की मांग करने के बाद मीडिया से बात करते हुए बताया कि कल दोपहर करीब 3:30 बजे वह एक करोड़ रुपए लेकर पुष्पेंद्र के साथ रघुनंदन ज्वेलर्स के यहां आभूषण लेने गए थे। जहां जाकर उन्होंने पता किया कि कृष्ण जी का फोन आया था तो तमंवय अग्रवाल ने बताया था कि बात हो गई पेमेंट करवा दीजिए। उन्होंने बताया कि पचास पचास लाख रुपए के दो बैग में उन्होंने तमंवय अग्रवाल को दे दिए थे। जिन्होंने वहां मौजूद राजवीर को पेमेंट मशीन पर गिनने के लिए देकर उन दोनों को कुछ देर बैठने के लिए कहा उन्होंने बताया कि जब हमने एमटी ट्रांसफर करने की बात कही तो उन्होंने 15-20 मिनट का समय देकर हमें फिर से बैठने को कहा लेकिन जब हमने कहा कि अभी




पेमेंट ट्रांसफर नहीं करना क्योंकि अभी तक हमारी एंट्री नहीं आई है।प्रवीण का आरोप है कि जब आभूषण नहीं मिले तब उन्होंने फिर इस बारे में पूछा तो तमंवय अग्रवाल ने कृष्णा ज्वेलर्स का जिक्र करते हुए कहा कि वह यहां मौजूद हैं। और मैं उन्हें अच्छी तरह से जानता हूं। आरोप है कि कृष्णा ज्वेलर्स का नाम आते ही उन्हें शक हुआ कि वह यहां मौजूद हैं। और हमें इस बात की जानकारी ही नहीं हमारा पेमेंट हो चुका तो फिर आभूषण अभी तक क्यों नहीं मिले तब थोड़ी देर बाद तमंवय अग्रवाल ने कहीं फोन किया और उसके बाद कहा कि मैंने तो आभूषण कृष्णा ज्वेलर्स को दे दिए। इसके बाद प्रवीण ने जब इस बात का विरोध किया कि पेमेंट हमने किया और आभूषण किसी और को दे दिए तो तमंवय अग्रवाल ने नोटों के बैग अपनी गाड़ी में डालकर अपने ड्राइवर के साथ अपने आदमी को वहां से चलता कर दिया था। तब उन्होंने जबरन उस गाड़ी को रोका। और अपना पेमेंट वापस मांगा तो तमंवय ने पेमेंट वापस दुकान में रखवा दिया जो कि अभी तक वापस नहीं किया गया। प्रवीण ने बताया कि कल जब इस मामले में वह थाने पहुंचे थे। तब थाने से आज तक का समय लेकर हमें वापस भेज दिया गया था। और पुलिस ने भी तमंवय अग्रवाल से पेमेंट वापस लौटाने के लिए कहा था। लेकिन पेमेंट वापस नहीं मिला। प्रवीण का कहना है कि उनके साथ यह एक करोड़ रुपए की ठगी की गई है, प्रवीण का कहना है कि वह रघुनंदन ज्वेलर्स के मालिक तमंवय के खिलाफ ठगी करने का मुकदमा दर्ज करायेंगे।

# ऋषभ एकेडमी में पुरस्कार वितरण समारोह



ऋषभ एकेडमी द्वारा विभिन्न विद्यालयों में सुलेख प्रतियोगिता व कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें अन्य विद्यालयों के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को आज दिनांक 19.02.26, बृहस्पतिवार को ऋषभ एकेडमी द्वारा आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में पुरस्कृत किया गया। जिसमें विजेता विद्यार्थियों के माता-पिता व उनके विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को भी आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अन्य विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को ऋषभ एकेडमी के प्रधानाचार्य श्री शरद त्यागी जी द्वारा पौधा देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन श्रीमती तान्या अग्रवाल व संयोजन श्रीमती मेघा जैन ने किया और सभी शिक्षिकाओं ने अपना विशेष सहयोग दिया। सभी अभिभावकों व प्रधानाचार्यों ने स्कूल का अवलोकन किया और सराहना की।अंत में विद्यालय के अध्यक्ष श्री दिनेश चंद जैन जी, डॉ॰सी.ए. संजय कुमार जैन जी, कोषाध्यक्ष श्री योगेंद्र प्रकाश जैन जी, प्रधानाचार्य श्री शरद त्यागी जी व उप-प्रधानाचार्य श्री पवन कपूर जी ने सभी का आभार व्यक्त किया व विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# चार बच्चों की मां युवक संग फरार

**मेरठ।** घोसीपुरा गांव में चार बच्चों की मां के पड़ोसी युवक के साथ फरार होने के बाद दो पक्षों के बीच तनाव है। युवक के पिता ने आरोप लगाया कि महिला के पति ने अपने भाइयों के साथ मिलकर युवक के घर पर हमला किया। मारपीट की और पशु, नकदी व जेवरात लूट लिए। पीड़ित परिवार ने बुधवार को पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए एसएसपी कार्यालय में न्याय की गुहार लगाई। घोसीपुरा निवासी उम्मीद ने बताया कि उनका बेटा सुहैल (21 साल) बीती 9 फरवरी को पड़ोस में रहने वाली नाजिया के साथ फरार हो गया था। इसी रंजिश के चलते नाजिया का पति रिजवान अपने भाइयों शादाब, अरशद और अफताबके साथ 10 फरवरी को उम्मीद के घर पहुंचा। उस समय घर पर उम्मीद की पत्नी शाईस्ता घर पर अकेली थीं। आरोप है कि रिजवान और उसके भाइयों ने शाईस्ता के साथ मारपीट की और उन्हें एक कमरे में बंद कर दिया। हमलावर एक भैंस, सात गाय, तीन बछड़े, करीब चार हजार रुपए नकद और सोने-चांदी के आभूषण लूटकर फरार हो गए। उम्मीद के घर लौटने पर उन्होंने शा-ईस्ता को बंधनमुक्त किया और स्थानीय पुलिस को घटना की सूचना दी। पीड़ित परिवार का आरोप है कि घटना के आठ दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की।इसके बाद पीड़ित परिवार एसएसपी कार्यालय पहुंचा और शिकायत पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई।

# मेरठ के किसानों से मिले ब्राजील के कृषि मंत्री

## प्राकृतिक खेती और पुनयोर्जी कृषि पर वैज्ञानिकों से की चर्चा, गुड़ का स्वाद लिया

**मेरठ।** मोदीपुरम स्थित भारतीय कृषि प्रणाली अनुसंधान संस्थान में ब्राजील के कृषि मंत्री लुइज पाऊलो टेक्जीरा फेरीरा ने अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ भ्रमण किया। उन्होंने भारतीय वैज्ञानिकों और अधिकारियों के साथ प्र-कृतिक खेती और पुनयोर्जी कृषि को बढ़ावा देने पर चचर्चा की।भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के उप महानिदेशक (प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन) डॉ. ए. के. नायक, सहायक महानिदेशक डॉ. ए. वेलमुरूगन और कृषि प्रणाली संस्थान के निदेशक डॉ. सुनील कुमार ने मंत्री महोदय एवंप्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। मंत्री और उनके दल ने पुनयोर्जी कृषि को बढ़ावा देने हेतु प्रकृति आधारित समाधानों और प्राकृतिक खेती पर वैज्ञानिकों के साथ गहन परिचचर्चा की।ब्राजीली प्रतिनिधिमंडल ने कृषि प्रणाली संस्थान मेंप्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय मिशन के अंतर्गत चल रहे मॉडल प्राकृतिक फार्म का भी भ्रमण किया। मिशन के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. एन. रविशंकर ने प्रतिनिधिमंडल को प्राकृतिक खेती में उपयोग होने वाले विभिन्न प्र कार के प्राकृतिक आगतों केउत्पादन और उनकी उपयोगिता के



बारे में विस्तार से बताया।प्रधान वैज्ञानिक डॉ. चंद्रभानु ने प्राकृतिक खेती में उपयोग किए जाने वाले आगतों के उत्पादन का प्रदर्शन किया और लघु एवं सीमांत किसानों हेतु विकसित किए गए मॉडल नेचुरल फार्म को भी दिखाया। मंत्री महोदय ने क्षेत्र के जाने-माने प्राकृतिक किसानों सुनील कुमार (ग्राम धमौरी, मेरठ) और विकास बालियान (ग्राम भोरा-खुर्द, मुजफ्फरनगर) के साथ प्राकृतिक खेती को लाभकारी बनाने पर गहन विचार-विमर्श किया।उन्होंने किसानों द्वारा उत्पादित गुड़ और अन्य उत्पादोंकी विस्तार से जानकारी ली तथा उनका स्वाद भी चखा। भ्रमण के पथात, ब्राजील के माननीय कृषि मंत्री ने भारत के वैज्ञानिकों एवं किसानों के साथ मिलकर प्र पुनयोर्जी कृषि को बढ़ावा देने हेतु तकनीकी आदान-प्रदान में अपनी क रुचि व्यक्त की।ब्राजीली प्रतिनिधिमंडल में श्री मॉरिसियों पालीडोरी, मिस मिरांडा डी ओलिवेरिया, जोश क्रिस्मिनियानी जूनियर, इडवार्डो जागा और पुर्तगाली-हिंदी-अंग्रेजी अनुवादक जसमीत सिंह चावला शामिल थे। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से गुलविना बधान ने भी परिचर्चा में भाग लिया।

# भारत को AI का उपभोक्ता नहीं, मालिक बनना होगा: जीत अदाणी

## साल 2035 तक 8.3 लाख करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की सदी में भारत को सिर्फ टेक्नोलॉजी का उपयोग करने वाला देश नहीं, बल्कि उसे बनाने और नियंत्रित करने वाला राष्ट्र बनना होगा। यह बात अदाणी ग्रुप के डायरेक्टर जीत अदाणीi ने इंडिया AI समिट 2026 में कही। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि AI अब केवल तकनीकी बदलाव नहीं है बल्कि यह राष्ट्रीय संप्रभुता, आर्थिक शक्ति और वैश्विक प्रभाव का नया आधार बनने जा रहा है।इस दौरान उन्होंने अदाणी ग्रुप के चेयरमैन द्वारा हाल ही में की गई 8.3 लाख करोड़ रुपये निवेश की घोषणा का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह निवेश भारत में ग्रीन एनर्जी आधारित AI इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के लिए है, जो देश को AI के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने इसे भारत के तकनीकी इतिहास का एक परिवर्तनकारी कदम बताया।जीत अदाणी ने कहा कि इतिहास में हर युग को एक तकनीक ने परिभाषित



किया है। बिजली ने उद्योगों को गति दी, तेल ने वैश्विक राजनीति की दिशा तय की और इंटरनेट ने पूरी अर्थव्यवस्था को बदल दिया। अब वही भूमिका AI निभाने जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के सामने असली सवाल यह नहीं है कि वह AI अपनाएगा या नहीं, बल्कि यह है कि भारत अपनी बुद्धिमत्ता खुद बनाएगा या दूसरे देशों की बनाई प्रणाली पर निर्भर रहेगा।उन्होंने ये भी कहा कि भारत का उदय किसी पर प्रभुत्व स्थापित करने के लिए नहीं है, बल्कि दुनिया में संतुलन और स्थिरता लाने के लिए है। भारत जब तकनीक बनाता है तो उसका उद्देश्य नियंत्रण नहीं, बल्कि समावेश होता है। लेकिन उन्होंने चेतावनी भी दी कि क्षमता के बिना समावेश कमजोरी बन जाता है और संप्रभुता के बिना क्षमता विदेशी निर्भरता में बदल जाती है। जीत अदाणी ने भारत की AI शक्ति के तीन प्रमुख स्तंभ बताए- सम्पूर्ण ऊर्जा, क्लाउड पर संप्रभुता और असीमित सेवा।उन्होंने कहा कि AI को चलाने के लिए सबसे जरूरी चीज बिजली है। AI सिस्टम भारी मात्रा में ऊर्जा का उपयोग करते हैं और अगर बिजली व्यवस्था कमजोर होगी तो देश की AI क्षमता भी कमजोर होगी। उन्होंने कहा कि भारत में सोलर और विंड एनर्जी का विस्तार अब केवल पर्यावरण संरक्षण का विषय नहीं है बल्कि यह राष्ट्रीय रणनीति का हिस्सा बन चुका है। आने वाले समय में देश में ऐसे बड़े केंद्र विकसित होंगे जहां ग्रीन एनर्जी और AI डाटा सेंटर एक साथ काम करेंगे।

# भावनपुर में शादी समारोह से बाइक चोरी, तलाश जारी



**मेरठ।** भावनपुर थाना क्षेत्र में शादी समारोह से बाइक चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना बुधवार रात को दतावली रोड पर ह्यदा गोल्डन औरा शादी मंडप की पार्किंग में हुई। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की तलाश कर रही है।पीड़ित सुभाष सिंह गुर्जर निवासी जागृति विहार दोस्त की बेटी की शादी में शामिल होने के पहुंचे थे। समारोह समाप्त होने के बाद जब वे बाइक लेने पार्किंग में पहुंचे, तो बाइक गायब थी। सीसीटीवी फुटेज चेक कराने पर चोरी का पता चला। फुटेज में दिख रहा है कि चोर ने पहचान छिपाने के लिए चश्मा और टोपी पहन रखी थी।घटना के बाद पीड़ित अपने बेटे सौपीन के साथ हसनपुर चौकी पहुंचे और अज्ञात चोर के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की पहचान कर उसे जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।वहीं, छात्र नेता विनीत चपराना ने आरोप लगाया है कि सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराने के बावजूद पुलिस ने अभी तक बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज नहीं किया है।

# सोमानी सेरेमिक्स ने सहारनपुर में खोला अपना 'एटेलियर शोरूम'

**सहारनपुर:** सेरेमिक टाइल्स और होम एवं बिल्डिंग सोल्युशन्स में भारत के सबसे विश्वसनीय ब्रांड्स में से एक सोमानी सेरेमिक्स लिमिटेड ने सहारनपुर, उत्तर प्रदेश में अपने नए एटेलियर शोरूम को लॉन्च किया है, जिसका संचालन गुप्ता ब्रदर्स द्वारा किया जाएगा। इस प्रीमियम स्पेस को सोमानी के सबसे लक्ज़री एवं आधुनिक टेक्नोलॉजी वाले टाइल कलेक्शन को दर्शाने के लिए पेश किया गया है, जो इनोवेशन, कलात्मकता और शिल्पकौशल के साथ उपभोक्ताओं को विशिष्ट अनुभव प्रदान करेगा। लॉन्च के अवसर पर सोमानी सेरेमिक्स लिमिटेड के सीईओ अमित सहाय ने कहा कि "पिछले पांच दशकों से सोमानी को शानदार डिज़ाइनों एवं इनोवेशन्स के लिए जाना जाता है। सहारनपुर में हमारे नए एटेलियर शोरूम का लॉन्च शहर के उपभोक्ताओं को उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## एचडीएफसी बैंक उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड में 'मेगा कार लोन मेला' आयोजित करेगा

देहरादून। भारत का लीडिंग प्राइवेट सेक्टर बैंक, एचडीएफसी बैंक, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में इस साल का पहला 'मेगा कार लोन मेला' आयोजित कर रहा है। इस मेगा कार लोन मेले में दोनों राज्यों की 500 से ज़्यादा ब्रांच इसमें हिस्सा लेंगी। इस आयोजन का मकसद 'एक्सप्रेस कार लोन' को प्रमोट करना है, जो कार खरीदने वालों के लिए एक कॉम्प्रिहेंसिव और ज्यादा सुविधाजनक, डिजिटल सफ़र है और इसमें टाइम भी बचता है। 'एक्सप्रेस कार लोन' एचडीएफसी बैंक की तरफ से पूरी तरह से डिजिटल लोन ऑफर है, जिससे कस्टमर्स को कार लोन के लिए तुरंत अप्रूवल और डिसबर्समेंट मिलता है, जिसमें फंड सीधे डीलर को ट्रांसफर किया जाता है। एक्सप्रेस कार लोन 30 मिनट के अंदर कार लोन डिसबर्समेंट प्रोसेस को इनेबल करता है।एचडीएफसी बैंक ने लीडिंग ऑटोमोबाइल डीलरशिप के साथ पार्टनरशिप की है जो लेटेस्ट ऑटोमोबाइल मॉडल्स डिस्प्ले करेंगे, जिससे कस्टमर्स टेस्ट ड्राइव ले सकेंगे, अपनी पसंद के मॉडल के बारे में ज़्यादा जान सकेंगे और ज़रूरत पड़ने पर खरीदने के लिए लोन ले सकेंगे। साथ ही, बैंक पात्र ग्राहकों को मौके पर ही ऋण स्वीकृत करेगा। 'मेगा कार लोन मेला' का उद्देश्य ऑटो डीलरों और खरीदारों को एक छत के नीचे लाना है, ताकि कार खरीदने और न्यूनतम दस्तावेज़ीकरण के साथ ऋण प्राप्त करने के ग्राहक अनुभव को बढ़ाया जा सके।

सूचना

दैनिक 'शाह बुलिटिन' हिंदी समाचार पत्र में समाचार विज्ञापन लेख आदि प्रकाशित कराने के लिए संपर्क करें-

जफरयाब राव (संपादक)
मोबाइल नंबर 9997540548 पता- एल-130 लोहिया नगर मेरठ।

हासिम अहमद जिला प्रभारी (बिजनौर)
मोबाइल नंबर 9012147659 , 7017678409
पता - टाटा मोटर्स ऊपरी मंजिल हरिद्वार रोड नजीबाबाद।

शकील राव उर्फ तहसील प्रभारी
मोबाइल नंबर 8279302257 पर विज्ञापन, लेख समाचार, प्रेस कॉन्फ्रेंस इत्यादि के लिए संपर्क करें

इसरार अंसार, तहसील मवाना, मेरठ
मो. 8445181867 7830627172
मवाना परिसर मेरठ।

दैनिक शाह बुलेटिन
RNI: UPHIN/2014/56192
मालिक, मुद्रक व प्रकाशक जफरयाब ने इंडियन प्रेस 176, राजेन्द्र नगर, मेरठ शहर से छपवाकर, कार्यालय 428/13 शास्त्रीनगर, मेरठ से प्रकाशित किया।संपादक: जफरयाब सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मेरठ होगा, समाचार पत्र में प्रकाशित विचारों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
फोन: 09997540548
मेल-आईडी: dainikshah-bulletin@gmail.com



## अनिल कपूर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर का पद ठुकराया?

**अनिल कपूर की फिल्म 'नायक' साल 2001 में रिलीज हुई। फिल्म की कहानी को दर्शकों ने काफी सराहा था। फिल्म में अनिल कपूर एक पत्रकार की भूमिका में थे, जिसे एक दिन का मुख्यमंत्री बनने का मौका मिलता है।असल जिंदगी में भी अनिल कपूर को एक खास पद पर काम करने का मौका मिला था, जिसे उन्होंने स्वीकार नहीं किया।**

### यूएन का ऑफर ठुकराया?

हाल ही बातचीत में अनिल कपूर कहते हैं, 'जब मुझे डैनी बॉयल की फिल्म 'स्लमडॉग मिलियनेयर(2008)' के कारण इंटरनेशनल लेवल पर पॉपुलैरिटी मिली तो यूएन की तरफ से एक सिंबॉलिक पोजिशन पर काम करने का ऑफर आया। लेकिन मैं इसे एक फोटो खींचवाने वाली जॉब की तरह नहीं करना चाहता था। मैं नहीं चाहता था कि लोग चार फोटो लें और मैं कुछ काम ना करूं। वैसे भी मेरी इतनी सारी प्रायोरिटीज हैं कि मुझे नहीं लगता कि यूएन वाला काम कर पाता। मैं बिना दिखावा किए सिर्फ वही काम करता हूं, जो मैं कर सकता हूं। मुझसे कहीं बेहतर लोग हैं जो राज्यसभा और लोकसभा में होने के लायक हैं।'

### ओटीटी पर आएगी अनिल की 'सूबेदार'

हाल ही में अनिल कपूर की फिल्म 'सूबेदार' का टीजर रिलीज हुआ। यह 5 मार्च को ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। फिल्म की कास्ट और कहानी के बारे में अभी तक ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। फिलहाल फैंस अनिल कपूर को नए अवतार में देखने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इस फिल्म में वह जबरदस्त एक्शन करते नजर आएंगे। वर्कफ्रंट की बात करें तो अनिल कपूर के खाते में कई फिल्में शामिल हैं। 'सूबेदार' के अलावा उनकी आगामी फिल्मों और सीरीज में 'अल्फा', 'किंग' और 'फैमिली बिजनेस' शामिल हैं। इसके अलावा उनके 'नायक 2' बनाने की भी चर्चाएं हैं। हाल ही में अनिल कपूर अपनी बेटी सोनम कपूर के बेबी शॉवर में नजर आए थे।



# डेस्टिनेशन वेडिंग नहीं, इस थीम पर कृतिका कामरा और गौरव कपूर करेंगे शादी

क्रिकेट होस्ट गौरव कपूर औ कृतिका कामरा जल्द ही शादी करने वाले हैं। दोनों की शादी की खबरें बीते दिनों से सुर्खियों में थी। अब खबर है कि जल्द ही गौरव और कृतिका शादी करने वाले हैं। साथ ही दोनों ने शेयर भी किया है कि वे कैसी शादी करना चाहते हैं।

### सादगी भरी होगी शादी

कृतिका कामरा और गौरव कपूर मार्च में अपने जीवन में नई शुरुआत करने वाले हैं। लेकिन उन्होंने बड़ी और आलीशान डेस्टिनेशन वेडिंग की जगह एक मॉडर्न और मिनिमलिस्ट शादी करने का फैसला किया है। दोनों अपनी शादी की तैयारियों में खुद पूरी तरह शामिल हैं। हर छोटी-बड़ी चीज को सोच-समझकर प्लान किया जा रहा है। उनका मकसद दिखावे से दूर रहकर एक सादगी भरी शादी करना है।



### मुंबई में होगी शादी

कृतिका और गौरव अपनी सादगी भरी सोच के लिए जाने जाते हैं। वे चाहते हैं कि उनकी शादी उनके असली व्यतित्व को दिखाए। मॉडर्न और एलिगेंट अंदाज को अपनाने का फैसला उन्होंने किसी ट्रेंड की वजह से नहीं, बल्कि अपनी पसंद और सोच के मुताबिक लिया है। कपल के एक करीबी सूत्र ने बताया, 'कृतिका और गौरव के लिए शादी का मतलब बड़ा आयोजन नहीं, बल्कि उसकी अहमियत है। उन्होंने डेस्टिनेशन वेडिंग छोड़कर मुंबई में एक सादी, मॉडर्न और इंटिमेट शादी करने का फैसला किया है। वे चाहते हैं कि यह जश्न उनकी पर्सनालिटी के हिसाब से हो। शादी के लिए हर डिटेल पर खास ध्यान दिया जा रहा है। सजावट से लेकर स्टाइलिंग तक, सब कुछ उनकी पसंद और पर्सनालिटी को दर्शाएगा।' जानकारी के मुताबिक, शादी का माहौल बेहद एनर्जी भरा और अपनापन लिए होगा। सजावट और पूरे सेटअप सादगी से भरा होगा, ताकि पूरे कार्यक्रम में अपनापन महसूस हो।



## 300 करोड़ है रणवीर सिंह की 'प्रलय' का बजट

रणवीर सिंह ने अपनी हालिया फिल्म 'धुरंधर' से बहुत बड़ी कामयाबी हासिल की है। यह जासूसी थ्रिलर फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही और कई रिकॉर्ड तोड़ दिए। अब रणवीर सिंह अपनी अगली फिल्म 'प्रलय' को लेकर काफी उत्साहित हैं। यह एक जॉम्बी ड्रामा फिल्म है, जो उनके करियर की सबसे बड़ी और महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट्स में से एक मानी जा रही है, जिसका बजट करोड़ों में है।

### क्या है प्रलय का बजट?

एक खबर के अनुसार, इस फिल्म का बजट लगभग 300 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। यह रणवीर सिंह की अब तक की सबसे महंगी सोलो फिल्म हो सकती है। इसमें स्क्रिप्ट से लेकर वीएफएक्स (विजुअल इफेक्ट्स) तक हर चीज में शामिल है। उन्होंने बैकएंड प्रॉफिट-शेयरिंग डील भी की है।

### किस पर आधारित होगी फिल्म 'प्रलय'

फिल्म का निर्देशन हंसल मेहता के बेटे जय मेहता कर रहे हैं। कहानी कोविड-19 महामारी की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें पोस्ट-एपोकैलिप्टिक दुनिया, जॉम्बी थ्रिलर, बड़े एक्शन और परिवार की भावनात्मक कहानी होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म में रणवीर सिंह के साथ मुख्य अभिनेत्री के रोल में कल्याणी प्रियदर्शन नजर आ सकती हैं, लेकिन अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। फिल्म की शूटिंग मई या जून 2026 में शुरू होने की उम्मीद है।

### 'धुरंधर 2' में नजर आएंगे रणवीर

रणवीर की 'धुरंधर 2' जल्द ही सिनेमाघरों में आने वाली है। यह 19 मार्च को रिलीज होगी, जिसमें पहले हिस्से के कलाकार वापस आएंगे और यह और भी बड़े पैमाने पर बनी है। इसी दिन कन्नड़ एक्टर यश की फिल्म 'टॉक्सिक' रिलीज होगी।



## 'लैला मजनू' की तर्ज पर 'हीर रांझा' बनाएंगी एकता कपूर

14 फरवरी 'वैलेंटाइन डे' पर फिल्म निर्माताओं ने 'हीर रांझा' की खास झलक शेयर की है। इस फिल्म का निर्देशन प्रसिद्ध फिल्म निर्माता इम्तियाज अली के छोटे भाई साजिद अली करेंगे। एकता कपूर ने अपनी नई फिल्म 'हीर रांझा' की एक खास झलक इंस्टाग्राम पर शेयर की है। इस पोस्ट के साथ उन्होंने फिल्म 'हीर रांझा' को लेकर कैप्शन में लिखा, 'कुछ प्रेम कहानियां कभी नहीं मरतीं।' आगे एकता ने लिखा, ''लैला मजनू' से लेकर 'हीर रांझा' तक की प्रेम कहानियों की विरासत जारी है।' इस फिल्म के प्रस्तुतकर्ता इम्तियाज अली है। फिल्म का निर्देशन इम्तियाज के छोटे भाई साजिद अली करेंगे। फिल्म का निर्माण शोभा कपूर, एकता कपूर और प्रीति अली बालाजी मोशन पिक्चर्स और पी फिल्म के तहत करेंगे। फिल्म की इस झलक को देखकर यूजर्स काफी उत्साहित हैं और मांग कर रहे हैं कि लैला मजनू की तरह इस फिल्म में भी तृप्ति डिमारी और अविनाश तिवारी को ही कास्ट किया जाए।



## स्वयंभू के टीज़र में सम्युक्ता के वॉरियर अवतार ने मचाया तहलका

अपनी पिछली फिल्मों की कामयाबी पर सवार सम्युक्ता ने स्वयंभू के टीज़र में ऐसा पावरफुल इम्पैक्ट छोड़ा है कि नज़र हटाना मुश्किल हो जाए। इस बार वो नज़र आती हैं एक भयंकर योद्धा के रूप में, जो अफरातफरी को चीरते हुए पूरे कॉन्फिडेंस और इंटेंसिटी के साथ आगे बढ़ती है। गूंथी हुई चोटी, युद्ध के लिए तैयार तेवर, और रफ-टफ योद्धा वेशभूषा में सम्युक्ता कच्ची ताकत और अटूट इरादे का प्रदर्शन करती दिखती हैं। उनका किरदार शब्दों से नहीं, एक्शन से बोलता है और हर फ्रेम ये इशारा देता है कि वो अपने करियर के सबसे साहसी क्रिएटिव फेज़ में कदम रख चुकी हैं। ये भूमिका इसलिए भी खास लगती है क्योंकि इससे पहले उनका परफॉर्मेंस ट्रैक रिकॉर्ड बेहद मजबूत रहा है। भीमला नायक में उन्होंने अपनी दमदार मौजूदगी से सबको प्रभावित किया, बिम्बिसार में पौराणिक दुनिया को एक्सप्लोर किया, विरुपाक्ष में थ्रिल का तड़का लगाया और सर में जमीन से जुड़ा अभिनय पेश किया। अब स्वयंभू में ऐसा लगता है जैसे इन सभी अनुभवों का संगम दिख रहा हो और सम्युक्ता खुद का और भी ताकतवर संस्करण बनकर सामने आई हों। टीज़र में वो एक निडर और बेखौफ योद्धा के रूप में दिखती हैं, जो जेंडर की तय सीमाओं को चुनौती देते हुए तीखे एक्शन सीक्वेंस में कमान अपने हाथ में लेती है। कभी धनुष-बाण साधती हुई, तो कभी तलवार लहराती हुई — हर सीन इस बात का सबूत है कि इस किरदार के लिए उन्होंने जबरदस्त शारीरिक ट्रेनिंग और तैयारी की है। सम्युक्ता कहती हैं, स्वयंभू मेरे दिल के बेहद करीब है क्योंकि मैंने हमेशा ऐसे किरदार चुने हैं जो मुझे मेरे कम्फर्ट ज़ोन से बाहर ले जाएं। इस भूमिका ने मुझे शारीरिक और मानसिक, दोनों स्तर पर ऐसी चुनौती दी जैसा पहले कभी महसूस नहीं किया। एक गांव की महिला की आत्मा और शक्ति को समझने से लेकर घुड़सवारी और तीरंदाजी की कड़ी ट्रेनिंग तक, ये सफर बेहद गहन और परिवर्तनकारी रहा। इस किरदार में वो सब कुछ है जिसका एक अभिनेता सपना देखता है — ताकत, संवेदनशीलता और एक मजबूत आवाज़। इस उग्र योद्धा रूप में ढलना मेरे करियर के सबसे संतोषजनक अनुभवों में से एक रहा है। स्वयंभू के अलावा भी सम्युक्ता के पास कई दिलचस्प प्रोजेक्ट्स लाइनअप में हैं, जहां वो अपनी बढ़ती रेंज दिखाती नजर आएंगी। जल्द ही वो ब्लैक गोल्ड में एक सशक्त पुलिस अधिकारी के रूप में फिल्म को लीड करेंगी और साथ ही पुरी जगन्नाध की स्लम डॉग में विजय सेतुपति और तब्बू के साथ स्क्रीन साझा करती दिखाई देंगी।



# सही समय और सही जीवनसाथी का इंतजार

**मृणाल ठाकुर इन दिनों अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ अपनी शादी की खबरों को लेकर भी लगातार चर्चाओं में बनी हुई हैं। पिछले कुछ वक्त से उनका नाम धनुष के साथ जोड़ा जा रहा है। हालांकि, शादी की खबरों पर मृणाल इनकार कर चुकी हैं। जबकि धनुष के साथ रिश्ते पर भी दोनों स्टार्स में से किसी ने भी खुलकर कुछ नहीं कहा है। अब मृणाल का कहना है कि वो शादी की योजना बना चुकी हैं।**

बातचीत में मृणाल ने कहा है कि शादी निश्चित रूप से उनकी योजनाओं का हिस्सा है, लेकिन तभी जब समय और जीवनसाथी सही लगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह अपने जीवन में सही साथी के आने का इंतजार कर रही हैं। उनकी यह टिप्पणी अभिनेता धनुष के साथ उनके रोमांटिक संबंधों की अफवाहों को खारिज करने के कुछ ही समय बाद आई है। अपनी निजी जिंदगी के बारे में बात करते हुए मृणाल ने कहा कि वह एक दिन शादी करना चाहती हैं। जब सही दिन और सही जीवनसाथी मिलेगा, तो मैं खुद सोशल मीडिया पर इस खबर की घोषणा करूंगी।

### शादी को लेकर बदले लोगों के विचार

अभिनेत्री का मानना है कि समय के साथ लोगों का शादी को लेकर विचार भी काफी बदल गया है। एक्ट्रेस ने कहा कि आज लोग सामाजिक अपेक्षाओं या दबाव के बजाय सच्चे जुड़ाव के कारण शादी का चुनाव करते हैं। पहले शादी के पीछे अलग-अलग कारण हो सकते थे, लेकिन अब यह सही व्यक्ति के साथ रहने की इच्छा के बारे में है।

### पिछले साल से चल रहीं धनुष मृणाल के अफेयर की खबरें

पिछले कुछ वक्त से मृणाल और धनुष के अफेयर की खबरें सुर्खियां बटोर रही हैं। पिछले दिनों तो ये भी खबरें आई थीं कि मृणाल और धनुष 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे के मौके पर ही शादी भी कर सकते हैं। हालांकि, इन खबरों को मृणाल ने यह कहते हुए खारिज किया था, 'शादी की तारीख तक आ गई और मुझे इनवाइट भी नहीं किया गया।' हालांकि, मृणाल और धनुष के रिश्ते की आधिकारिक तौर पर पुष्टि कभी नहीं हुई, लेकिन पिछले साल उनकी फिल्म 'तेरे इश्क में' की रैप पार्टी में शामिल होने के बाद अटकलें शुरू हो गईं। बाद में 'सन ऑफ सरदार 2' के प्रीमियर पर उनके धनुष को गले लगाने के वीडियो ने अफवाहों को और हवा दी।

### 'दो दीवाने सहर में' में नजर आएंगी मृणाल

मृणाल ठाकुर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दो दीवाने सहर में' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस रोमांटिक लव स्टोरी में वो सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। रवि उदयवार द्वारा निर्देशित और संजय लीला भंसाली द्वारा निर्मित यह फिल्म 20 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इसके अलावा उनकी पाइपलाइन में आदिवी शेष के साथ रोमांटिक-एक्शन थ्रिलर 'डकैत' भी है। यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने है।

